बाल सत्संग वर्कशॉप - घाटकोपर क्षेत्र

सतगुरु माता सविंदर हरदेव जी महाराज की कृपा से घाटकोपर क्षेत्र में मार्च महीने में क्षेत्रीय स्तर बाल सत्संग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। घाटकोपर क्षेत्र में ब्रांचों के फैलाव को ध्यान में रखते हुए यें वर्कशॉप विभिन्न ब्रांच जैसे घाटकोपर पश्चिम, घाटकोपर पूर्व, चांदिवली, विद्याविहार, आई आई टी विक्रोली, साकीनाका, पवई, गोलीबार और विक्रोली में अलग अलग दिन पर आयोजित किया गया।

सभी वर्कशॉप्स की सूची एक समान थी, जैसे:

1. पॉवर पॉइंट प्रदर्शन एवं विभिन्न गतिविधियो एवं खेल द्वारा मिशन के पांच प्राणों की विस्तृत जानकारी।
2. मंगलाचरण एवं धुनि की महत्ता।
3. बाल सत्संग की महत्ता।
4. मिशन के सेवाओं में सक्रिय रूप से योगदान।

उपरोक्त सूची को प.पू. अजय राजगुरु जी, प. पू. नरेंद्र मोरे जी, प.पू. कृष्ण निषाद जी एवं प. पू. सुनील रजक जी ने सुंदर ढंग से निभाया। इस वर्कशॉप का विशेष भाग था बालक पालक सत्र जहाँ माता पिता के बच्चों को मिशन की गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मार्गदर्शन किया गया।

संबंधित ब्रांचों के मुखी एवं अधिकारियों ने आये हुए भक्तगण, बच्चे एवं उनके माता पिता का आभार व्यक्त किया। लगभग 600 बच्चों ने अपने माता पिता के साथ इस वर्कशॉप में भाग लिया। प.पू. एस डी जोशी जी एवं प. पू. प्रकाश जोशी जी के पावन मार्गदर्शन में सभी वर्कशॉप सम्पन्न हुए।

धन निरंकार जी